Roll No. ........................

(05/24)

# 19213

## M. A. EXAMINATION

(For Regular Batch 2022 & Onwards)

(Second Semester)

HINDI

MA/HIN/2/CC7

हिंदी कथेत्तर साहित्य

*Time : Three Hours* *Maximum Marks :* 70

**नोट :** निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

1. निम्नलिखित लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×5=10

   (i) आचार्य शुक्ल की निबन्ध शैली पर टिप्पणी कीजिए ।

   (ii) 'अशोक के फूल' निबन्ध की विशेषताएँ लिखिए ।

   (iii) बालमुकुन्द गुप्त के किन्हीं पाँच निबन्धों के नाम बताइए ।



CamScanner

(iv) 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' की भाषा पर टिप्पणी कीजिए ।

(v) 'कविता क्या है' निबन्ध के आधार पर कविता में नाद-सौन्दर्य की उपयोगिता बताइए ।

2. निम्नलिखित आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×15=45

(i) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के निबन्ध 'श्रद्धा भक्ति' का समीक्षात्मक विवेचन कीजिए ।

**अथवा**

(ii) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की निबन्ध कला पर प्रकाश डालिए ।

(iii) बालमुकुन्द गुप्त की राष्ट्रीय भावना पर प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

(iv) 'एक दुराशा' निबन्ध की तात्विक समीक्षा कीजिए ।

(v) 'आत्मकथा के क्षेत्र में हरिवंशराय बच्चन का स्थान निर्धारित कीजिए ।



**अथवा**

(vi) 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' का कथासार अपने शब्दों में लिखिए ।

3. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5×5=15

(i) कविता ही हृदय को प्रकृत दशा में लाती है और जगत् के बीच क्रमशः उसका अधिकाधिक प्रसार करती हुई उसे मनुष्यत्व की उच्च भूमि पर ले जाती है । भावोग की सबसे उच्च कक्षा पर पहुँचे हुए मनुष्य का जगत के साथ पूर्ण तादात्म्य हो जाता है । उसकी अलग भाव सत्ता नहीं' रह जाती, उसका हृदय विश्व हृदय हो जाता है ।

**अथवा**

(ii) अशोक का वृक्ष जितना भी मनोहर हो, जितना भी रहस्यमय हो जितना भी अलंकारमय हो, परंतु वह उस विशाल सामंत सभ्यता की



CamScanner

परिष्कृत रुचि का ही प्रतीक, जो साधारण प्रजा के परिश्रमों पर पली भी, उसके रक्त से स-सार कणों को खाकर बड़ी हुई थी और लाखों करोड़ों की उपेक्षा से समृद्ध हुई थी ।

(iii) अन्त को गत वर्ष आपने यह भी साफ कह दिया कि बहुत से पद ऐसे हैं जिनको पैदाइशी तौर से अंग्रेज ही पाने के योग्य है । भारतवासियों को सरकार जो देती है, वह भी उनकी हैसियत से बढ़कर है । तब से देश के लोगों ने समझ लिया था कि अब श्रीमान् पर जहाँ के जलवायु का पूरा सिक्का जम गया।

**अथवा**

(iv) यह मूर्तियाँ किस प्रकार के स्मृति चिन्ह हैं ? इस दरिद्र देश के बहुत से धन की एक ढेरी है, जो किसी काम नहीं आ सकती । एक बार जाकर देखने से ही विदित होता है कि



वह कुछ विशेष पक्षियों के कुछ देर विश्राम लेने के अड्डे से बढ़कर कुछ नहीं है । माई लार्ड ! आपकी मूर्ति वहाँ क्या शोभा होगी ?

(v) रक्त का कितना असर होता है, कह सकना कठिन है–बहादुर की संतान कायर होती है, कबीर के वंश में कमाल उपजता है : पर बालपन में पड़े संस्कारों का असर किसी न किसी रूप में जीवन पर बना रहता है-प्रकट भी होता है । छह वर्षों तक जो मैं यूनिवर्सिटी ट्रेनिंग कोर में रहा, और पिछले महायुद्ध के समय हर गर्मी की छुट्टी में रेगूलर ब्रिटिश यूनिटों से जो मैंने आधुनिक हथियारों को चलाने की शिक्षा ली–मैं कलम और बंदूक चलाता हूँ दोनों ।

**अथवा**

(vi) और इस कोमलता और सुकुमारता का अनुभव मैं उनके अपने संबंधों में भी करने लगा था। अब वे मेरे साथी, पड़ोसी, धर्म के भाई ही



CamScanner

नहीं थे; मेरे प्रेमी भी थे और मेरा भी उनके प्रति अनन्य प्रेम था । एक-दूसरे से अभिन्न थे । अब हम दोनों में बहुत ही निजी और गोपनीय बातें भी होतीं ।



CS CamScanner